MESSAGE FROM THE LOK SABHA

THE INDIAN PATENTS AND DESIGNS (AMENDMENT) BILL, 1968

SECRETARY : Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary of the Lok Sabha:—

"In accordance with the provisions of Rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose herewith the Indian Patents and Designs (Amendment) Bill, 1968, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 13th August, 1968."

Sir, I lay the Bill on the Table.

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned till 2-30 p.m.

The House then adjourned for lunch at forty mintes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at half-past two of the clock, the VICE-CHAIRMAN (SHRI D. THENGARI) in the Chair

RESOLUTION *RE-* CONTINUANCE OF THE PRESIDENT'S PROCLAMATIONS IN RELATION TO THE STATE OF UTTAR PRADESH—*contd.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI D THENGARI): Mr. Rajnarain, you will kindly co-operate with the Chair. As there are many to speak please try to be brief

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, मैंने 14 तारीख को उत्तर प्रदेश के सबध मे, सूक्ष्म मे कुछ कहा था । जो रपट हमारे सामने थी, उस रपट मे हमने सेक्शन 7, जो क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेट ऐक्ट का है जो पहले उत्तर प्रदेश के 10 जिलो मे लागू था, को अब सारे राज्य मे लागू कर दिया गया है । इसको सामने रखते हुए सदन के सम्मानित सदस्यो से अपील करूगा कि जरा देखा जाय कि अग्रेजी साम्राज्यवादी तर्कशाही के जो पुराने कानून थे, जो पुराने बान के रूप मे थ, जिन्हे सड़ जाना चाहिये था, जिन्हे निकाल दिया जाना चाहिये था, आज उन्हे ही लोगो के ऊपर चलाया जा रहा है । यह क्रिमिनल लॉ अमेडमेड ऐक्ट क्या है । मै समझता हू कि बहुत से लोग भूल गये है और इसीलिए म उसको थोडा सा पढ देना चाहता हू ·

Section 7 of the Criminal Law (Amendment) Act, 1932 reads as follows :

"7. (1) Whoever—

(a) with intent to cause any person to abstain from doing or to do any act which such person has a right to do or to abstain from doing, obstructs or uses violence to or intimidates such person or any member of his family or person in his employ, or loiters at or near a place where such person or member of employed person resides or works or carries on business or happens to be, or presistently follows him from place to place, or interferes with any property owned or used by him or deprives him of or hinders him in the use thereof, or

(b) loiters or does any similar act at or near the place where a person carries on business, in such a way and with intent that any person may thereby be deterred from entering or approaching or dealing at such place,

shall be punished with imprisonment for a term which may extend to six months, or with fine which may extend to five hundred rupees, or with both."

यह जो क्रिमिनल लॉ अमेडमेट ऐक्ट है, उसके बारे मे नवाब साहब और श्री याजी साहब से पूछना चाहता हू कि आपने उसके सबध मे क्या किया है । यह जो 1932 का क्रिमिनल ला अमेडमेट ऐक्ट है उसका मकसद क्या है । जो भाषा हमने उसके सबध मे पढी है वह यह है कि जिनकी प्राइवेट तौर पर शराब की दुकाने थी, गाजा, भाग और विदेशी वस्तुओ की दुकानें थी और जो लोग इन के सामने पिकेटिंग करते थे, ऐसे लोगो पर यह लागू होता था ।

श्री शीलभद्र याजी (बिहार) : क्या इसका मतलब समझते हो।

श्री राजनारायण : जो बिजनैस मे लगे हुए है, जो किसी व्यक्ति को काम करने से रोकता है उनके ऊपर यह लागू होता था। मगर सरकारी कर्मचारियो के ऊपर यह लागू नही होता था। यानी जो आदमी निजी व्यापार करता था, निजी उद्योग धधा करता था, निजी दुकान करता था, विदेशी वस्तुओ की दुकानो, शराबकी दुकानो गाजा, भाग, की दुकानो, पर पिकेटिंग करता था, सत्याग्रह करता था, उनको 6 महीने की सजा होती थी और 500 रु० जुर्माना होता था। इसमे कहा पर लिखा है कि अगर कोई डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के पास एप्लीकेशन लेकर जाय कि हमारी मदद की जाय और हमारे खिलाफ जो कार्यवाही की जा रही है, वह उचित नही है, तो ऐसे लोगो को डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के काम मे बाधा पहुचाने पर पकड लिया जाता है। मै उदाहरण के तौर पर बतलाना चाहता हू कि श्री लक्खी सिह के गाव मे पानी भर गया और लोगो के घरो मे पानी चला गया तो वे यह शिकायत लेकर मजिस्ट्रेट के पास गय। मगर मजिस्ट्रेट ने उन्हे क्रिमिनल लॉ अमेडमेट एक्ट के तहत जेल मे बद करवा दिया। तो मै श्री शुक्ल जी तथा दूसरे सम्मानित सदस्यो से निवेदन करना चाहता हू कि यह क्या चीज हो रही है। सरकार की ओर से कहा जाता है कि गवर्नर श्री गोपाला रेड्डी स्ट्राग व्यू लेते है। मगर स्ट्राग व्यू किस के लिए लेते है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के पास 400 और 500 आदमी जाते हैं और कहते है कि हमारा गाव पानी मे डूब रहा है और हमारे घरो की रक्षा कीजिये। इस पर वहा का डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट उन्हे क्रिमिनल लॉ अमेडमेट के मातहत गिरफ्तार करता है। श्री शीलभद्र याजी को इस पर हसी नही करनी चाहिये और उन्हे इस बात को ठीक तरह से हृदयगम करना चाहिये। मै यह निवेदन करना चाहता हू कि आज उत्तर प्रदेश मे राष्ट्रपति का शासन किस तरह से तथा किस ढग से जनतत्री परम्परा को, जनतत्री प्रथा और व्यवस्था का हनन कर रहा है। हमने यह बात एक उदाहरण के लिए बतला दी है।

आगे देखा जाय। श्रीमन्, यह जो रपट है, हम उसी को लेकर चल रहे है, उसके बाहर नही जा रहे है और सारी कार्यवाही आज वहा पर हो रही है। तीन जगहो पर इस रपट मे यह आया है कि आगामी आने वाले मध्यावधि चुनावो को मद्देनज़र रखते हुए ऐसा हो रहा है और यह सारी कार्यवाही की जा रही है। आज वहा पर 144 धारा लागू की जा रही है। वहा पर आज क्रिमिनिल लॉ अमेडमेट ऐक्ट की धाराए लागू की जा रही है और सी० आर०पी० की कई दफाए लागू की जा रही है इसमे यह दिया हुआ है

> "During the current year, the major events which caused cconcern to the State Government but were handled firmly and effectively were the communal incidents at Meerut and Allahabad and the agitations launched by the Samyuk Socialist Party and the Communist Party of India (P) Another important event was celebration of the Aradh Kumbh Mela at Hardwar"

मै आपको बतलाना चाहता हू कि सयुक्त सोशलिस्ट पार्टी एक जनतत्रीय, समाजवादी और राष्ट्रीय तथा बुनियादी तबदीली करने वाली पार्टी है। मै पहले भी कह चुका हू और आज फिर कहना चाहता हू कि हम काग्रेस पार्टी का खात्मा चाहते है। हम काग्रेस को जनहित के विरुद्ध, देशहित के विरुद्ध मानते है। काग्रेस ने हमारी देश की एक भी समस्या का समाधान नही किया है। नित्य नई नई समस्याए वह पैदा करती चली जा रही है और हमारी राष्ट्रीय सीमाओ को खतरा ला रही है। आज उत्तर प्रदेश तथा सारे देश की गरीब जनता को उसकी बुराइयो का खमियाजा भुगतना पड रहा है।

केन्द्रीय सरकार उत्तर प्रदेश को जो अनुदान देती है, उसमे मै पाता हू कि उत्तर प्रदेश को सब से कम अनुदान मिलता है। जहा तक उद्योग-धन्धो का सबध है, उत्तर प्रदेश मे सब से कम उद्योगधद्ये है। जो भी वहा पर सिचाई की योजनाए कार्यान्वित की गई है, अगर उनका हिसाब लगाया जाय तो यह मिलेगा कि दूसरे राज्यो के मुकाबले, वहा पर सिचाई की बहुत कम व्यवस्था की गई है। आप उत्तर प्रदेश मे नही के बराबर सिंचाई की योजनाओ को पायेगे तो ये सब बाते है। वहा पर जो थोडी बहुत मान्यताए राष्ट्रपति शासन के पहले थीं, वे राष्ट्रपति के शासन काल मे नष्ट कर दी गई हे।

श्री शीलभद्र याजी : आपकी वजह से यह हुआ है।

श्री राजनारायण : मै कुछ घटनाओ के सबध मे आपके जरिये सदन के सम्मानित सदस्यो की खिदमत मे पेश करना चाहता हू। 6 अगस्त को राज्यपाल बस्ती जिले गये थे। श्री ब्रज भूषण तिवाडी, जो सयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के युवाजन पार्टी के जनरल सेक्रेटरी है, उन्होने राज्यपाल से कहा कि आप अंग्रेजी की जगह हिन्दी मे अपना भाषण कीजिये। यहा की राजभाषा हिन्दी है। राज्यपाल कहते है कि मै हिन्दी नही जानता हू। वह कहते है कि आप हिन्दी नही जानते है तो तैलगू मे बोलिये जो कि आप की मादरी जबान है। उसी मे बोलिये।

श्री अकबर अली खान (आन्ध्र प्रदेश) : तैलगू कौन समझेगा? *(Interruption)* He has served in the national struggle, you know.

श्री राजनारायण : वह इतना ब्रिलियेन्ट स्कालर है कि वह खुद अनुवाद कर देता। लेकिन होता क्या है। राज्यपाल साहब कहते हैं–एबसर्ड। और पुलिस कप्तान को हुक्म देते है। कप्तान जाता है और उसी सभा मे ब्रज भूषण तिवारी, जो एडवोकेट है, उन का मुह दबा कर बद कर दिया जाता है। पुलिस के लोग उस का मुह बद कर देते है और जब तक राज्यपाल जी बस्ती मे विराजमान रहते है तब तक ब्रज भूषण तिवारी को पुलिस कस्टडी मे बद रखा जाता है। मै पूछना चाहता हू कि इसी मे क्या राष्ट्रपति का शासन है। क्या आज वहा जनतत्र है? क्या वहा आज जनता की आकाक्षाये अपना स्थान ग्रहण कर पा रही है? आज चतुर्दिक, चौतरफा राजगोपाला रेड्डी साहब अपनी अहम्मयता का प्रदर्शन कर रहे है। वह मुख्य मत्री के कमरे मे जाते है, बठते है, दरबार लगाते है, दफ्तर करते है। असल मे उस मे खामी क्या है। वह मुख्य मत्री रह चुके है ..

श्री अकबर अली खान : यह तो डेमोक्रेटिक है।

श्री राजनारायण यह समय हमारे समय मे नही जुडेगा। अगर डेमोक्रेटिक है तो उसका एक उदहारण मैने दे दिया।

उपसभाध्यक्ष (श्री दत्तोपन्त ठेंगड़ी) : राज नारायण जी, दो तीन मिनट मे आप वाइड अप कीजिये।

श्री राजनारायण : नही हो पायगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री दत्तोपन्त ठेंगड़ी) : हो पायेगा।

श्री राजनारायण : दो, तीन मिनट मे नही हो पायेगा। भाषा का सवाल है। भाषा के सवाल पर कहना चाहता हू कि श्री गोपाला रेड्डी राष्ट्रपति शासन की जो सरकार आज वहा चला रहे है उस मे जो सरकारी कर्मचारी हिन्दी सीख रहे थे, अंग्रेजी को भूल रहे थे, जब से यह राष्ट्रपति का शासन वहा हुआ है तब से वे जो हिन्दी सीखे थे वह भी भल गये और पुराने स्थान पर पुन आ गये। इसीलिये एक मिनट के लिये भी उत्तर प्रदेश मे राष्ट्रपति का शासन, इस की अवधि वहा नही बढायी जानी चाहिये।

उसी के साथ साथ अनेक अपराध वहा पर बढते चले जा रहे है और इस ढग से अपराध हो रहे है कि उन मे कत्ल बढा है, डाका बढा

[श्री राजनारायण]

है और डाके और कत्ल मे जो वहा के पुलिस के कर्मचारी है, जो पुलिस के अधिकारी है, सब शामिल है। आज जितनी वहा सीमा पर हत्याये होती है उन सब हत्याओ मे वहा की पुलिस के कर्मचारी और अधिकारी शामिल है। यह सब घटनाये हो रही है आगामी मध्यावधि चुनाव को मद्देनजर रखते हुए। तो मै कहना चाहता हू कि गरमी आ रही है। काग्रेस पार्टी के लोग चीफ सेक्रेटरी को अपना गुलाम बना कर रखे हुए है। चीफ सेक्रेटरी उन के घरो मे जा कर दरबार करता है और चीफ सेक्रेटरी को जो जो हिदायते दी जाती है कि फलाने का ट्रान्सफर फला जगह कर दो, फलाने का फला जगह ट्रान्सफर कर दो, फलाने अफसर को फला जगह रख दो, उसी तरह वह करता है और चीफ सेक्रेटरी उन काग्रेस के नेताओ के इशारे पर सारे एडमिनिस्ट्रेशन को चलवा रहा है और जिस को जहा चाहे रखता है।

कुनबापरस्ती और भ्रष्टाचार आज इतना ज्यादा बढ गया है कि किसी दिन अगर आप को मौका मिले तो उत्तर प्रदेश मे जा कर देखे कि यह चीफ सेक्रेटरी क्या कर रहा है। राष्ट्रपति के शासन मे एक एक जिले मे एक एक कुनबा है। एक ही कुनबे का है कमिशनर भी, कलेक्टर भी, पुलिस कप्तान भी और रेवेन्यू डिपार्टमेट मे तनज्जुली कर के भेजे गये लोग वहा से निकाल निकाल कर फिर कमिशनर के पदो पर रखे जा रहे है। यह सब क्या है ? यह तानाशाही है। हमारे बनारस मे एक आदमी बहुत दिनो से था। उस को तरक्की कर दी गयी। ट्रान्सफर हो रहा था, एक नया पद क्रिएट कर दिया गया और उसे उस पर बिठा दिया गया। यह सब नित्यप्रति आज वहा हो रहा है। इस लिये मै एक मिनट के लिये नही चाहता कि वहा पर राष्ट्रपति शासन की अवधि बढायी जाय।

अब चले आइये कानपुर की तरफ। हमारे मित्र शुक्ल जी इस समय यहा पर नही है। हम ने बताया था कि आज उत्तर प्रदेश के तमाम पूजीपतियो को डरवाया जा रहा है, धमकाया जा रहा है। यह कानपुर के वी०आई०सी० का झगडा क्या है? आगामी चुनाव। आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए चूकि श्री श्रीप्रकाश के रहते हुए काग्रेस पार्टी के लिय गुप्त जी नही आ पा रहे है। इस लिये आज वहा 25तिकडम की जा रही है। आप स्वय समझदार आदमी है। हम को कोई नजीर दे दीजिये कि 3 महीने बीत गये क्यो वहा के मैनेजिंग डाइरेक्टर और वहा के एक्टिव डाइरेक्टर इन दोनो को कफर्म नही किया सरकार ने और श्री हिम्मत सिह जी ने जो मीटिग 3 तारीख को थी उस मे कह दिया कि आप लोगो का पीरियड खत्म हो गया, आप कफर्म नही हुए इसलिये इस मीटिग मे आपको भाग नही लेना चाहिये। आज सारे का सारा वी० आई० सी० और उस के कारखाने ठप्प हो रहे है क्योकि सरकार आज यह चाहती है कि वहा पर इस तरीके से किसी सरकारी कर्मचारी को रखा जाय जिस के जरिये आगामी आम चुनाव मे लाखो लाख रुपया काग्रेस पार्टी को मिल सके। हम ने यही पर एक माग रखी थी, हमारे भाई दिनेश सिह जी नही है वरना आज उन के बारे मे कहता। मै अभी रायबरेली गया था। रायबरेली श्रीमती इदिरा नेहरू गाधी जी का निर्वाचन क्षेत्र है

श्री अवधेश्वर प्रसाद सिंह (बिहार) : जनाब वाइस चेयरमेन साहब, आप 50 मिनट बोल चुके। हाउस मे और लोगो को भी बोलना है और हम लोग जब इसी विषय पर बिहार के बारे मे बोले थे तो हम को समय पर रोका जाता था। ऐसा न हो कि एक व्यक्ति की मोनोपाली हो जाय। हम इस मोनोपली को रोक रहे है। आप से मै निवेदन करता हू कि 50 मिनट माननीय सदस्य को हो गये है भाषण करते हुए, उनका किस्सा तो एन्डलैस है, द्रौपदी के चीर की तरह है। हम लोगो के इटरेस्ट को प्रोटेक्ट किया जाय, यही आप से करबद्ध प्रार्थना है।

उपसभाध्यक्ष (श्री दत्तोपन्त ठेंगड़ी) : राजनारायण जी, आप दो तीन मिनट मे समाप्त कर दे।

श्री राजनारायण : जितनी देर इन सदस्यों ने मेरा समय लिया है उतनी देरमें मैंने समाप्त कर दिया होता । इन लोगों ने कुछ नयी बातें उठायी हैं, उन का जवाब तो देना ही है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री दत्तोपन्त ठेंगड़ी) : आप तो अन्याय के खिलाफ लड़ना चाहते हैं । आप बाकी सदस्यों पर अन्याय न करें ।

श्री राजनारायण : बाकी सदस्यों पर तो मैंने कभी अन्याय करने की कल्पनाही नहीं की । इस लिये मैं आप से यह निवेदन करना चाहता हूं कि यदि इन दोनों सदस्यो के सवालों का मुझे जवाब न देना पड़ता तो मैंने समाप्त कर दिया होता दो तीन मिनट में ही, मगर अब उन का जवाब देना पड़ेगा ।

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal) : Many of us, the Members of the Opposition, went to a meeting of the State Governments and the Central Government employees. I heard their complaints. They are not allowed to come near the gates of the Parliament House. Therefore, I want to bring to your notice that they have asked me to bring it to the notice of this House just now. The Home Minister should explain why they should not be allowed...

SHRI AWADEHSHWAR PRASAD SINHA : Why should they be allowed to come to the Parliament? They have no business to come here.

SHRI BHUPESH GUPTA : They have come here to petition the Parliament. Certainly they have that right. It has been brought to my notice and I consider it my duty. The Central Government's and the State Governments' employees have come here from all over the country. They want to come near the gates of the Parliament House in order to present a petition to the Parliament and they are not allowed. They have to wait there near Krishi Bhavan, some distance away. I think the Home Minister should see to it.

श्री राजनारायण : यह तो मेरा विषय ही है । भूपेश जी, रुको न, काहे चले गये । उत्तर प्रदेश का राज कर्मचारी आज यहां आया हुआ है । उत्तर प्रदेश के राज कर्मचारियों को वहां की सरकार केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के समकक्ष भत्ता नहीं दे रही है । क्यों नहीं दे रही है ? यह उन की मांग है, पुरानी मांग है, सही मांग है और अगर उत्तर प्रदेश का कर्मचारी यहां आया तो सरकार उन को कहे कि तुम पार्लियामेंट भवन तक नहीं जा सकते हो इस से बढ़ कर तुगलकी बदतमीजी का कानून क्या होगा । इस से बढ़ कर जनतंत्र की परम्परा को विनष्ट करने वाली बात क्या होगी ? आप देखें, समाचार-पत्रों में आप ने पढ़ा होगा कि 24 दिसम्बर को सारे उत्तर प्रदेश के प्राइमरी शिक्षा के अध्यापक हड़ताल करने जा रहे हैं । कोठारी कमीशन की रिपोर्ट उत्तर प्रदेश में लागू नहीं हो रही है । उस दिन हमारे शिक्षा मंत्री और घर मंत्री दोनों विराजमान थे । उन दोनों ने कहा कि कहीं से भी हड़ताल का नोटिस नहीं है । सरकार को इस की जानकारी नहीं और यह सरकार शासन चला रही है । 24 दिसम्बर से उत्तर प्रदेश का अध्यापकवर्ग हड़ताल पर जा रहा है । अगर उस समय तक कोठारी कमीशन की सिफारिशों के अनुसार उनकी तनख्वाहें नहीं की गयीं तो श्रीमन्, आप देखेंगे कि वहां आज विद्यार्थियों की भर्ती नहीं हो रही है । अगर वहां राष्ट्रपति का शासन है तो तम्बू छप्पर लगा कर शिक्षा दिलायी जाय, वहां उन के पढ़ाने की व्यवस्था हो । अगर कोई गगनचुम्बी अट्टालिका न हो तो उन की पढ़ाई नहीं होगी यह कहां की इंसानियत की बात है, कहां की व्यवस्था है । इसी के साथ साथ . . .

(Time bell rings)

उपसभाध्यक्ष (श्री दत्तोपन्त ठेंगड़ी) : अब आप वाइन्ड-अप कीजिये ।

श्री राजनारायण : यह घंटी वाइन्ड-अप करने के लिये नहीं बजाई जाती है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री वत्तोपन्त ठेंगड़ी) : मैं बोल रहा हूं ।

श्री राजनारायण : तो अब हम को दो तीन मिनट और दे दीजिये ।

उपसभाध्यक्ष (श्री दत्तोपन्त ठेंगड़ी) : नहीं, नहीं, अब जल्दी कीजिये ।

श्री राजनारायण : आप दो तीन मिनट और दे दीजिये । "वाइन्ड अप, वाइन्ड अप" कहने की चेयर पर जा कर के आदत पड़ जाती है । अगर आप यह न कहें तो अपने आप खत्म हो जाय । इतना समय तो चेयर ही ले लेता है ।

उसी के साथ साथ आज उत्तर प्रदेश ही एक ऐसा राज्य है जहा पर बिजली की दर बढ़ाई गई, इस राज्यपाल के शासन में जहां पर सिंचाई की दर बढ़ाई गई, जहां पर टेक्निकल शिक्षा पाने वाले विद्यार्थियों को जो स्टाइपेंड मिलता था वह स्टाइपेंड बन्द कर दिया गया, जहां पर शिक्षण संस्थाओं में उनकी भरती बन्द कर दी गई और जहां पर यूनियनों की मान्यताएं आज साजिश कर के सरकार छीन रही है । इसके अतिरिक्त वहां पर हत्याएं होती हैं, कत्ल होते हैं, थाने पर जायं तो रपट नही लिखी जाती है, पुलिस वाले डायरी बनाते नहीं है । इस लिये मेरा निवेदन है कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति के शासन को समाप्त कर दिया जाय और शीघ्रातिशीघ्र वहां पर चुनाव कराये जायं । आज केन्द्र के कांग्रेसी शासनसे चाहे वह श्री दिनेश सिंह जी के मार्फत हो, चाहे प्रधान मंत्री के मार्फत हो, चाहे वित्त मंत्री के मार्फत हो, चाहे घर मंत्री के मार्फत हो, उत्तर प्रदेश में जितनी कम्पनियां हैं वे सब टेरोराइज्ड हैं, आतंकित हैं और उनको भय दिखा कर के उनसे जबरदस्ती पैसा वसूल किया जा रहा है । कांग्रेस के साथ में स्थायी ताकत देने के लिये आज पूरे उत्तर प्रदेश में हिन्दू मुस्लिम दंगे, जातियों का सघर्ष, विद्यार्थियों पर दमन, अध्यापकों पर दमन, यह सारा काम हो रहा है और यह सरकार समझती है कि हम हिटलरशाही और तानाशाही चला कर के उत्तर प्रदेश को काबू में रख सकेंगे । हम यह बता देना चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश वह राज्य है जिस ने अंग्रेजी साम्राज्यवादी शासन का जम कर मुकाबिला किया चाहे वह 1920, 21 की लड़ाई रही हो, चाहे वह 1930 की लडाई रही हो, चाहे वह 1942 की लड़ाई रही हो । उत्तर प्रदेश वह राज्य रहा है जहा से क्रांति सदैव फूटी है चाहे वह 1857 की साम्राज्य विरोधी क्राति रही हो या कोई और क्रांति रही हो और उसी प्रकार उत्तर प्रदेश कांग्रेसी शासन के कुशासन के कारण उसकी कब्र बनाकर के रहेगा । इस लिये हम सरकार को चेतावनी देना चाहते हैं कि सरकार जनतंत्रीय और सभ्य साधनों का इस्तेमाल करे, नागरिकता का हनन न करे, नागरिक अधिकारों का हनन न करे, अंग्रेजी साम्राज्यवादी शासन के ज़रिये बनाये हुये काले कानूनों का गलत इस्तेमाल कर के जनतंत्रीय और नागरिक अधिकारों का हनन न करे । यह आप के ज़रिये मैं इस सरकार से कहना चाहता हूं ।

श्री तारकेश्वर पांडे (उत्तर प्रदेश) : श्रीमान, मैं आशा करता हू कि श्री राजनारायण जी का आधा समय हम को मिलेगा ।

श्री राजनारायण : मैं आपसे अपील करता हूं कि हमारा दूना टाइम उनको दिया जाय । अब मैं जवाब नही दूगा और वह समय भी आप उनको दे दीजिये ।

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : इसका आप जवाब क्या देंगे ।

श्री तारकेश्वर पांडे : राजनारायण जी अब आप जा कहां रहे हैं ?

श्री राजनारायण : ज़रा राज्य कर्मचारियों के यहां अब हो लें ।

(Interruption.)

श्री तारकेश्वर पांडे : श्री राजनारायण जी ने भावना में बह कर जो विचार व्यक्त किये हैं उनसे कहीं मेरी सहमति नहीं हो पाती है यद्यपि वे मेरे छोटे भाई हैं। वास्तविक स्थिति क्या है, सत्य क्या है उस पर परदा नहीं डाला जा सकता है। जब कांग्रेस बहुमत में नहीं रही तो हमने त्यागपत्र दिया और जिन लोगों ने अपना बहुमत कर के शासन स्थापित किया उनको हमने अवसर दिया और एक विरोधी दल की तरह से हमने आचरण किया और काम किया। वे दल आपस में मिल कर के काम नहीं कर सके। उसकी ज़िम्मेदारी किस पर है। एक इतिहास के विद्यार्थी की तरह से मैं कह सकता हूं कि सब से बड़ी ज़िम्मेदारी श्री चरण सिंह की है जो पदलोलुपता के कारण कांग्रेस छोड़ कर चले गये, दूसरी ज़िम्मेदारी किस की है? संयुक्त समाजवादी दल की है और संयुक्त समाजवादी दल में भी उस पक्ष की है जिस का नेतृत्व श्री राजनारायण जी कर रहे हैं।

एक प्रश्न यह है कि यह विधेयक जो हमारे सामने प्रस्तुत है इसमें छः महीने का हम समय दें या एक मिनट, एक क्षण का भी समय न दें। व्यावहारिक दृष्टिकोण से सोच कर अगर हम बिल्कुल समय न दें और इस विधेयक को अस्वीकृत कर दें तो क्या होगा, किस का शासन होगा, इन सब बातों पर विचार करना चाहिये। इस लिये जो विधेयक प्रस्तुत किया गया है उसका मैं समर्थन करता हूं क्योंकी उसके अतिरिक्त और कोई दूसरा विकल्प नहीं है हमारे पास। लेकिन मैं इस संदर्भ में एक दो बातें कहना चाहता हूं।

यह बात सही है कि इसके लिये राष्ट्रपति शासन जिम्मेदार नहीं है, लेकिन हम को इस तरफ देखना चाहिये, विचार करना चाहिये कि डकैती और खून के मामले जो हैं, अपराध जो हैं, वे बड़े हैं और उनकी रोकथाम करने के लिये शासन को ध्यान देने की आवश्यकता है। हमारा अनुमान है कि मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, झांसी, आगरा, अलीगढ़, कानपुर और हमीरपुर में जो संगठित दल हैं उनकी सफाई करने के लिये प्रयास किया गया है, लेकिन उसमें पूर्णतया सफलता नहीं मिल सकी है। इस तरफ विशेष आक्रमण, संगठित आक्रमण करने की आवश्यकता है जिस से अपराधों को रोका जा सके।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि बलिया जिले में एक विचित्र किस्म का अपराध बढ़ रहा है जिस की तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है। वहां जहर से बुझी हुई सुई मनुष्य के शरीर में चुभाई जाती है। उससे दो तीन मृत्युएं हो चुकी हैं और इससे वह इलाका, वह ज़िला बड़ा त्रस्त है कि इसका कैसे उपाय किया जाय, कौन सा ऐसा उपाय किया जाय कि इस तरह का अपराध करने वाले जो लोग हैं उनको दंड दिया जाय। मेरा सुझाव है कि इसमें उच्च कोटि के जो सी० आई० डी० के अधिकारी हैं उनको यह काम सुपुर्द कर दिया जाय जिस से वे जांच-पड़ताल कर के ऐसे अपराधियों को दंड दिला सकें और इस गिरोह का खात्मा कर सकें।

मैं तो अमर भारती का उपासक हूं और कभी कभी मेरे मन में यह भाव उठता है जो आप के समक्ष और इस महान सदन के समक्ष व्यक्त कर देता हूं। वह कितना बड़ा दुर्दिन इस देश का था जब हमारे ऋषियों ने जिन स्थलों पर वेद की रचना की थी, वे स्थल हमारे पास नहीं रहे और भारत का विभाजन हुआ। यह इतिहास का प्रश्न है। आगे आने वाली संतति पर मैं इसे छोड़ देता हूं कि वह भारत के भविष्य का उचित निर्णय करे। हमने इसके विभाजन को स्वीकार कर लिया है। अब मुझे कोई कारण नहीं मालूम होता है कि साम्प्रदायिक उपद्रव हों। हिन्दू और मुसलमान दोनों की समान गति है, समान स्थिति है आर्थिक क्षेत्र में, सांस्कृतिक क्षेत्र में, औद्योगिक क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में और शासन में। मेरी यह बिल्कुल निश्चित धारणा है कि यहां हिन्दू और मुसलमानों

[श्री तारकेश्वर पाडे]

के लिये कोई पक्षपात नही है और समान रूप से सभी के साथ यह शासन व्यवहार करता है। फिर क्या कारण है कि यह उपद्रव हो रहे हैं। विशेषतया गोरखपुर, इलाहाबाद, मेरठ, गाजीपुर में छुटपुट उपद्रव हुये, साम्प्रदायिक उपद्रव हुये। अधिकारियो की सभी दलों की और विशेषतया जो लोग शासन चला रहे हैं उनकी यह जिम्मेदारी है कि वे इस प्रकार के उपद्रवों को रोके। मै चाहता हूं कि शासन इस तरफ ध्यान दे। मै चाहता

3 P.M.

हूं गृह मंत्री इस पर विशेष ध्यान दे। हमारे उत्तर प्रदेश में संस्कृत और अरबी इन दोनों भाषाओ के लिए एक अलग ही निरीक्षक संस्था है। यह कितनी बडी विडम्बना है राष्ट्रपति शासन की। मुझे बडा दुख है। इस सम्बन्ध में मैने आवेदन-पत्र दिया है। गृह मत्री से भी मिला हूं, राज्यपाल महोदय को आवेदन-पत्र भेजा है। अरबी को मै विदेशी भाषा मानता हूं। संस्कृत को इस देश की भाषाओ की जननी मानता हूं और हमारे संविधान की वह एक भाषा है। सरकार आदेश देती है कि सस्कृत विभाग को जो शिक्षा निदेशक का विभाग है उसमें शामिल कर दिया जाय, इसको मै ठीक नही समझता हूं। स्थिति क्या है? इस समूचे हिन्दुस्तान में जो सस्कृत पाठशाला और महाविद्यालय चलते है उनमें से आधे से अधिक उत्तर प्रदेश में चलते हैं। यदि इस प्रकार का आचरण किया गया तो उसका परिणाम यह होगा कि संस्कृत भाषा की क्षति होगी और साथ ही साथ भारतीय सस्कृति और पुरातन वांगमय को ठेस पहुचेगी। मै चाहूगा कि इस पर शीघ्र ध्यान दिया जाय और इसको जिस तरह से शिक्षा कमीशन ने कहा है उसी तरह से रहने दिया जाय।

हमारे उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा संचालित आगरा, गोरखपुर और कानपुर विश्वविद्यालय है जो जिलों मे फैले हुए विभिन्न महाविद्यालयो का संगठन करते है और मान्यता प्रदान करते है। आगरा, कानपुर और मेरठ, इन विश्वविद्यालयो के जो कालेजेज है, डिग्री कालेजेज उनको पोस्ट ग्रेजुएट क्लासेज चलाने का अधिकार है, गोरखपुर विश्वविद्यालय को नही है। गोरखपुर विश्वविद्यालय के पीछे 14 जिले है और वे पूर्वांचल के पिछडे हुए जिले माने जाते हैं। मेरी यह प्रार्थना है इस विधेयक मे जो गोरखपुर विश्वविद्यालय विधेयक है उसमे सशोधन कर देना चाहिए, जिससे गोरखपुर विश्वविद्यालय के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त जो डिग्री कालेजेज है वे यदि पोस्ट ग्रेजुएट क्लासेज खोलना चाहे तो उनको यह सुविधा मिलनी चाहिए, जैसी की समूचे प्रदेश में है। आज जो स्थिति है उसका परिणाम यह होता है कि उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जो गरीब और साधनहीन बच्चे हैं वे इलाहाबाद, लखनऊ, बनारस जाकर विद्या अध्ययन नही कर पाते हैं, बी० ए० पास करने के बाद उनकी क्षमता समाप्त हो जाती है। मेरी यह प्रार्थना है कि इस सम्बन्ध मे विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मै यह समझता हूं कि समान शिक्षा हो, समान योग्यता हो, समान काम हो तो समान वेतन मिलना चाहिए, केन्द्रीय सरकार हो या राज्य सरकार, विश्वविद्यालय हों या महाविद्यालय हों यानी डिग्री कालेजेज हो।

श्री मानसिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मै यह जानना चाहता हूं कि क्या कोरम का इस सदन के लिए कोई प्रतिबन्ध है? क्या इस समय कोरम है?

श्री शीलभद्र याजी: राजनारायण जी, कोरम लेकर चले गए है, सबको डेपूटेशन मे लेकर चले गए है।

श्री पीताम्बर दास (उत्तर प्रदेश): संसद् को पूरा करना चाहिए कोरम।

श्री तारकेश्वर पांडे: मुझे आज्ञा है?

एक माननीय सदस्य: है।

श्री तारकेश्वर पांडे : बडा अनुगृहीत हू । तो जो डिग्री कालेजेज मे अध्यापक काम करते ह और विश्वविद्यालय मे काम करते हैं उनका समान काम है, समान योग्यता है तो उनको समान वेतन मिलना चाहिए, इसको कमीशन ने स्वीकार किया है, शिक्षा आयोग ने । यह हमारे उत्तर प्रदेश मे नही है । प्रजातात्रिक शासन हो, उस पर यह छोड दिया जाय, इसकी आवश्यकता नही है क्योकि इससे अध्यापको के संगठन को प्रोत्साहन मिलता है और उनकी कोमल मति पर इसका कुप्रभाव पडता है । इसलिए मै चाहता हू कि जितना शीघ्र हो सके इस काम को किया जाय ।

इसी सन्दर्भ मे जिला परिषद, म्युनिसिपल, कारपोरेशनो और म्युनिसिपल बोर्डस मे जो अध्यापक काम करते हैं, प्राथमिक शिक्षा के जो अध्यापक काम करते हैं, प्राथमिक शिक्षा के जो अध्यापक हैं उनके सम्बन्ध मे कहना चाहता हू । उनका वेतन बहुत कम है । मैने उत्तर प्रदेश मे चारो तरफ देखा है, नैपाल—वह हमसे पिछडा हुआ देश कहा जाता है—बिहार, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पजाब, इन सबकी फिगर मैने कलेक्ट की है मुझको यह लगता है कि उत्तर प्रदेश मे प्राथमिक शिक्षा के लिए हाई स्कूल योग्यता रखी गई है और इन्टरमीडिएट रखी गई है मिडिल स्कूलो के लिए । वेतन नही बढाया गया है । मै चाहूगा कि इस पर विचार किया जाय । कहा जाता है कि हमारा आर्थिक सतुलन बिगड जायगा । अगर अध्यापको का वतन देने मे आर्थिक सतुलन बिगडता है तो सब उपाय किए जाये, लेकिन ये शिक्षक हैं, गुरु है छोटे छोटे बच्चो के जो राष्ट्र का निर्माण करत है । उनको अगर वेतन नही दिया गया तो व पढा नही पाएगे, काम नही कर पाएगे, उनको बुद्धि स्थिर नही हो सकेगी बल्कि चचल होगी । उसमे राष्ट्र का अहित होगा । इसलिए मेरी प्रार्थना है कि वेतन जो शिक्षा आयोग द्वारा स्वीकृत है वह दिया जाय ।

अब सरकारी कर्मचारियो के सम्बन्ध मे मै कहना चाहता हू । जो सरकारी कर्मचारी हो वह मुझे माफ करेगा । यह सामाजिक दोष मै मानता हू, अपने देश का दुर्भाग्य है कि जो जिस कार्य को करता है वह मन और रुचि लगा कर नही कर पाता है । क्या किया जाय ? वस्तुस्थिति यही है । इसलिए सामाजिक दोष पर विचार करके इसका सुधार किया जाय, यह एक प्रश्न है । दूसरा प्रश्न यह है कि जैसे गाजियाबाद है, यह दिल्ली शहर से मिला हुआ है । अब इस गाजियाबाद के क्लर्क को जो वेतन मिलता है उससे अधिक वेतन उसी योग्यता के दिल्ली शहर के क्लर्क को मिलता है । तो छोटे और बडे शहर का विचार कर आर्थिक सकट का सतुलन तो बिठा लिया जाय लेकिन आम तौर से समूचे भारतवर्ष मे एक प्रकार की योग्यता और एक प्रकार का कार्य करने वाले सारे सरकारी कर्मचारियो को वेतन और महगाई भत्ता समान रूप से मिलना चाहिए, यह मेरी प्रार्थना है, इस पर विचार करने की आवश्यकता है ।

हमारे उत्तर प्रदेश मे इस बारे मे बडी छानबीन हो रही है कि ग्राम सभा की जो भूमि है उसको जो लोग साधन-सम्पन्न हैं उन लोगो ने आपस मे बाट लिया है अनुचित रूप मे । मेरी प्रार्थना है कि ग्राम सभा की भूमि को जो बिना जमीन के काश्तकार है उनको दिया जाए । सरकार के पास समूचे प्रदेश मे जिले जिले मे बहुत सी ऐसी भूमि है जिसका प्रबन्ध उन लोगो के लिए कर दिया जाय जो बिना जमीन के किसान हैं । यदि ऐसा नही किया गया तो नतीजा क्या होगा ? लोग जमीनो पर आधिपत्य करेगे, आप उनको हटाएगे, बलवा—फसाद होगा, जुर्म बढगा अपराध बढेगा, लाभ कुछ नही होगा । हमारे उत्तर प्रदेश मे ऐसे बहुत से लोग है जो बिना जमीन के काश्तकारी करते हैं, खेतिहर मजदूर हैं, उनकी बडी भारी समस्या है । सामाजिक दृष्टिकोण से, आर्थिक दृष्टिकोण

[श्री तारकेश्वर पांडे]

से उनकी दयनीय अवस्था है। उस अवस्था से उनको उठाने के लिए यह आवश्यक है कि उनको साधन-सम्पन्न बनाया जाय। यह बड़ा आसान काम है। जो जमीन खाली है ग्राम सभा के पास उसको तथा दूसरे सब प्रकार की जमीन को लेकर उसका बन्दोबस्त उनके लिए किया जाय।

हम कांग्रेस के इस प्रस्ताव की तरफ, जो हमारे इलेक्शन मेनीफस्टो में था, ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमने निर्णय किया था, पिछली जो सरकार थी जिसका पतन हुआ और राष्ट्रपति शासन लागू हुआ उसने भी यह निर्णय किया था पर वह लागू नहीं हो सका। अपनी जिद के कारण मुख्य मंत्री ने उसको लागू नहीं किया कि जो अलाभकारी जोत है, जो कि साढ़े छः एकड़ तक की भूमि मानी गई है, उस पर लगान नहीं लेना चाहिये, उस पर से लगान उठा लेना चाहिये और जैसे आमदनी के आधार पर आमदनी कर लगता है उसी तरह से भूमि के सम्बन्ध में भी व्यवस्था होनी चाहिये कि जिस प्रकार की भूमि पर आमदनी हो उसी प्रकार से उस पर कर लगाना चाहिये। तो यह व्यवस्था लागू करना चाहिये।

मैं सन् 1952 ई० से एक साधारण पुरुष इस महान सदन का सदस्य रहा हूं और उत्तर प्रदेश के बारे में बहुत सुनता हूं कि उत्तर प्रदेश भारतवर्ष है, भारतवर्ष ही उत्तर प्रदेश है लेकिन जब उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में विचार करता हूं तो मालूम होता है कि शिक्षा, उद्योग और जितने भी जीवन के क्षेत्र हैं सब में हिन्दुस्तान के और राज्यों में जितनी प्रगति हो रही है उससे कम अनुपात में उत्तर प्रदेश की प्रगति हो रही है। उसका कारण क्या है? और किसी को संदेह होगा लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उत्तर प्रदेश के प्रति इस केन्द्रीय शासन की एक परम्परागत उपेक्षा रही है। इस उपेक्षा का अन्त होना चाहिये। सौभाग्यवश या दुर्भाग्यवश इस वक्त केन्द्र ही उत्तर प्रदेश का शासन कर रहा है और इसलिय मैं चाहता हूं कि इस उपेक्षा नीति का अन्त किया जाय और औद्योगिक उन्नति के लिये उत्तर प्रदेश को विशेष अनुदान दिया जाय। जनसंख्या और आय, यही दो आधार हैं किसी राज्य का केन्द्र द्वारा सहायता पाने का, तो जनसंख्या में उत्तर प्रदेश की स्थिति अच्छी है लेकिन जब तक उत्तर प्रदेश की उन्नति नहीं होगी तब तक उत्तर प्रदेश से आय कर आपको अधिक मिल नहीं सकता है, कहां से मिलेगा, इसलिये मैं चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश के साथ कुछ उदारता की जाय जिससे कि उत्तर प्रदेश और राज्यों के समान आ सके। यह मेरी आपसे प्रार्थना है।

हिन्दी भाषा के प्रति संविधान में आस्था व्यक्त की गई है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि वर्तमान शासन ने पिछली सरकार और कांग्रेस की सरकार ने हिन्दी की प्रगति के लिय जो उत्तरोत्तर काम करती रही है उसमें कुछ रुकावट डाली है, उसमें कुछ रुकावट हो गई है।

SHRI BRAHMANANDA PANDA (Orissa): Have Sanskrit. I have no objection if you say Sanskrit. Don't highlight Hindi. I am with you if you say Sanskrit.

SHRI TARKESHWAR PANDE: The whole difficulty is, Hindi is the eldest daughter of Sanskrit and. . .

SHRI A. P. CHATTERJEE (West Bengal): It is not correct.

SHRI TARKESHWAR PANDE: If it is not correct let us talk and let us find out the correct position.

SHRI A. P. CHATTERJEE: Don't make assertions.

श्री तारकेश्वर पांडे: मेरी प्रार्थना यह है कि संस्कृत जो है वह जननी है हमारे देश की भाषाओं की। मैं तो यह भी मानता हूं, कुछ लोगों को शायद इसमें कुछ परेशानी होगी, मालवीय जी का वह वाक्य मुझ याद है जो कि मालवीय जी ने कहा था, कि जो

लडको केवल मां के अलकारो से ही अपने को सवारना चाहती है वह लायक लडकी नही है, योग्य लडकी नही है, उस लडकी को जिस स्थल पर वह जाय उसके वातावरण से भी अपने को सवारना चाहिय। मेरी यह भी मान्यता है कि सस्कृत भाषा से तत्सम शब्द हिन्दी मे आने चाहिये और इसके साथ यह भी मेरी मान्यता है कि सस्कृत के अतिरिक्त जिस प्रकार का वातावरण हो उस प्रकार के शब्द हिन्दी मे आने चाहिये और उसको समृद्ध बनाना चाहिये। यह एक अलग प्रश्न है। लेकिन यह बात सही है कि उत्तर प्रदेश का जन-मानस जो है वह हिन्दी को चाहता है, इसमे कोई दो राय नही है, जब हिन्दी को जन-मानस चाहता है तो जन-मानस के विपरीत कोई आचरण करना राष्ट्रपति शासन मे उचित नही है। जनता हिन्दी को चाहती है और मेरा तो सिर्फ यही निवेदन है कि इन दिनो मे जो हिन्दी के प्रति भाव व्यक्त किये गये है या जो काम किया जा रहा है उसको कुछ रोकना चाहिये। यह उचित नही है कि पिछले दिनो मे हिन्दी की प्रगति के लिये जो एक परम्परा स्थापित की गई है और पिछली सरकार जो आई उसने भी और उस परम्परा को सुदढ किया तो अब कुछ दिनो के लिये जो राष्ट्रपति शासन है उसमे कुछ ऐसा हम न करे कि हिन्दी की उपेक्षा हो, यही मेरा निवेदन है। इसमे कोई बहुत कडाई नही है कि सस्कृत हो या हिन्दी भाषा हो या कोई और भाषा हो, यह तो आपस मे बातचीत कर के तय किया जा चुका है, अगर इस अध्याय को फिर प्रारम्भ करना है तो यह बडे लोगो का काम है जिसमे कि आप सब लोग है, वह निर्णय कर लीजियेगा, लेकिन मेरा तो केवल इतना ही निवेदन था।

अब मै एक तीसरी और अन्तिम बात कहना चाहता हू जो कि कोई विवाद का विषय नही है। मेरा जो थोड़ा बहुत उत्तर-प्रदेश का ज्ञान है और जो म और राज्यों के सम्बन्ध मे भी जपनता हू उसके आधार पर मेरा निवेदन है कि जिन लोगो ने इस देश के लिये काम किया और देश जो स्वतत्र हुआ उन देशभक्तो की अकारण कुछ परिस्थिती खराब हो जाती है तो उनको आर्थिक सहायता दी जाती है, विवाह हो, कोई मौत हो गई हो या और कोई विषम परिस्थिति हो गई हो उसमे आर्थिक सहायता दी जाती है और दूसरे यह है कि जो साधनहीन है उनको आर्थिक सहायता के रूप मे मासिक पेशन दी जाती है और अब मुझे मालूम हुआ है कि इस समय सरकार ने आर्थिक सहायता और मासिक पशन देना राजनैतिक पीडित को समाप्त कर दिया है, जो लोग पिछली सरकार मे पाते रहे है वह तो कायम है, वह पेशन ले रहे है, लेकिन अब जो आर्थिक सहायता और पेशन पात रहे है वह उनको बन्द कर दिया है। अब मै किस की कहानी कहू और किसी की दर्दनाक स्थिति का वर्णन मै आपसे क्या करू लेकिन मै इतना जरूर आपसे कह सकता हू कि कितना बडा दुर्भाग्य है कि आगे आने वाली पीढी जो है वह यह याद न रख अपने उन पूर्वजो को जिन्होने स्वराज्य के लिये काम किया, तिल तिल कर मरे खपे और गोली खाई, हम तो उस जिले के रहने वाले है जिस जिले मे 1942 ई० मे ब्रिटिश शासन नही था, काग्रेस के नेता श्री चित्तूपाडे के नेतृत्व मे एक सरकार बन गई थी और मुझे स्मरण नही है कि उस जिले मे कोई ऐसा गाव होगा जिसमे कोई जेल न गया हो और जिसमे किसी प्रकार की कोई आर्थिक क्षति नही हुई हो, गाव के गाव जला दिये गये, बर्बाद हो गये। तो इसी प्रकार की और राजनैतिक परिवारो की भी स्थिति है। सारी जवानी को लोगो ने झोक दिया इस राष्ट्रीय आन्दोलन मे और वह नही चाहते है कि उनको कोई सहायता दी जाय लेकिन हम चाहत है कि उनको सहायता दी जाय क्योकि हमारे स्वतत्रता सग्राम के वे वीर सैनिक

[श्री तारकेश्वर पांडे]

रहे है, अब वह संकट में हैं, आर्थिक कष्ट में हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिये हमारे उत्तर प्रदेश में उनको कुछ आर्थिक सहायता दी जाती थी पुस्तकों के रूप में, छात्रवृत्ति के रूप में, और अगर कोई कुछ असाधारण विपत्ति आये तब आर्थिक सहायता दी जाती थी और उनको कुछ पेंशन दी जाती थी, लेकिन इसको बन्द कर दिया गया है। मेरा गृह मंत्री जी से यह निवदन है कि वह राज्यपाल महोदय को यह निर्देश करें, उत्तर प्रदेश शासन को निर्देश करें, कि इस व्यवस्था को बन्द न किया जाय, नहीं तो जो गरीब हैं, जो मुसीबत में हैं, तकलीफ में हैं उनकी एक बड़ी भारी आह निकलेगी, उनकी आत्मा को आप सताये नहीं, यह मेरा आपसे अंतिम निवेदन है।

म आपका और अधिक समय नहीं लूंगा और इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

